साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## जल्द बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे गोविंदा, फ्राई-डे में आएंगे नजर



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा काफी वक्त से फिल्मों से दूर हैं और जिस फिल्म से उन्होंने कुछ वक्त पहले कमबैक किया था वो भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार नहीं कर पाई थी. बता दें, कुछ वक्त पहले गोविंदा ने फिल्म आ गया हीरो से बड़े पर्दे पर वापसी की थी. हालांकि, अब गोविंदा एक बार फिर फिल्म फ्राई-डे से बड़े पर्दे पर वापसी करने वाले हैं. दरअसल, गोविंदा को सब उनके कॉमेडी रोल्स, एक्टिंग और कॉमेडी करेक्टर के लिए पसंद करते हैं और यह फिल्म फुल एंटरटेनिंग और कॉमिडी होने वाली है. एक खबर के अनुसार, इस फिल्म को डायरेक्टर अभिषेक डोगरा डायरेक्ट करेंगे और इसे साजिद कुरैशी प्रोड्यूस करेंगे. आपको बता दें कि डायरेक्टरर अभिषेक डोगरा इससे पहले डॉली की डोली जैसी फिल्म बना चुके हैं. अभिषेक डोगरा ने फिल्म को लेकर बताया, हम फिल्म में दो दमदार लेखकों राजीव और मनु को एक साथ लेकर आ रहे हैं, जो कॉमिडी लिखने में माहिर हैं. इन लोगों ने साथ में मिलकर जबरदस्त स्क्रिप्ट लिखी है.' बता दें कि इस फिल्म में गोविंदा के साथ वरुण शर्मा भी दिखाई देंगे, जो फुकरे जैसी फिल्म से लोगों के बीच प्रसिद्ध हुए हैं. गोविंदा जो कि इस समय श्रीलंका में है उन्होंने बताया है कि, यह एक कमाल की स्क्रिप्ट है, जो दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोट-पोट कर देगी. मैं इस फिल्म को करने के लिए काफी एक्साइटेड हूं. हालांकि, अभी तक इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को सेलेक्ट नहीं किया गया है और उसकी तलाश जारी है. वरुण शर्मा ने गोविंदा के साथ काम करने को लेकर कहा, 'मैं तो गोविंदा सर की फिल्में देखते हुए बड़ा हुआ हूं. मुझे बहुत खुशी है कि मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करने जा रहा हूं. मुझे उम्मीद कि मैं उनसे काफी कुछ सीख पाऊंगा. गोविंदा सर तो लेजेंड हैं.'

## हैप्पी भाग जाएगी की सीक्वल में डायना पेंटी के साथ हैप्पीनेस फैलाएंगी सोनाक्षी सिन्हा



साल 2016 में रिलीज हुई फिल्म हैप्पी भाग जाएगी ने आपको जमकर हंसाया होगा. फिल्म की सक्सेस को देखते हुए मेकर्स ने इसकी सीक्वल फिल्म हैप्पी भाग जाएगी रिटर्न्स अनाउंस कर दी है. फिल्म में अभय देओल, जिम्मी शेरगिल और अली फजल होंगे यह नहीं इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन इतना कन्फर्म हैं कि सीक्वल में आपको डबल हैप्पी का डोज देखने को मिलेगा. इस बार डायना पेंटी के साथ हैप्पी के किरदार में सोनाक्षी सिन्हा भी दिखाई देंगी. इरोज नाओ ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर फिल्म के सीक्वल का अनाउंसमेंट हुआ, इसमें सोनाक्षी सिन्हा के साथ डायना पेंटी नजर आ रही हैं. कैप्शन में लिखा है, हैप्पी की हैप्पी से मुलाकात ध्यान से देखें तो तस्वीर में सोनाक्षी सिन्हा ने हैप्पी प्रिंटेड टी-शर्ट पहन रखी है. एक्ट्रेस डायना पेंटी द्वारा साझा की गई एक अन्य फोटो में उनके और सोनाक्षी के अलावा प्रोड्यूसर आनंद एल राय और डायरेक्टर मुदस्सर अजीज भी नजर आ रहे हैं. फिल्म हैप्पी भाग जाएगी रिटर्न्स में सोनाक्षी सिन्हा के अलावा मशहूर पंजाबी सिंगर जस्सी गिल भी नजर आएंगे. इसकी जानकारी खुद उन्होंने कुछ दिनों पहले ट्विटर पर दी थी. गौरतलब है कि, हैप्पी भाग जाएगी की कहानी डायना पेंटी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो शादी से भागकर सीधे पाकिस्तान पहुंच जाती है. फिल्म में उनके ओपजिट तीन हीरो नजर आए, पहले जिम्मी शेरगिल जिसके साथ शादी होने से पहले वे भाग जाती हैं, दूसरे अली फजल जिससे हैप्पी शादी करना चाहती हैं और तीसरे अभय देओल जो हैप्पी को पसंद करते हैं.

## 'कंचना 3' में एक साथ दिखेंगी ओविया और वेदिका

अभिनेता-फिल्मकारराघव लॉरेंस की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'कंचना 3' में अभिनेत्री ओविया, वेदिका और निकिता मुख्य भूमिकाओं में दिखेंगी. यह 'मुनी' फेंचाइजी की तीसरी फिल्म है. फिल्म की यूनिट के एक सूत्र ने बताया, ''इस फिल्म में तीन अभिनेत्रियां हैं। ओविया, वेदिका और नई अभिनेत्री निकिता को इस फिल्म के लिए चुना गया है। इस फिल्म की शूटिंग अक्टूबर के अंतिम सप्ताह से शुरू होगी।'' वेदिका ने इस फेंचाइजी की पहली फिल्म में काम किया था और वह इस फिल्म के साथ वापसी कर रही हैं। 'मुनी' फेंचाइजी का पहला भाग 2007 और दूसरा भाग 'मुनी 2ः कंचना' 2015 में रिलीज हुआ था। सूत्र ने बताया, ''यह 'कंचना 2' का सीक्वल होगा। लॉरेंस इस फिल्म में लीड रोल में हैं और वह इस फिल्म का निर्देशन भी कर रहे हैं। अन्य कलाकारों का चयन होना अभी बाकी है। सन पिक्चर्स इस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी।'' लॉरेंस की पिछली दो फिल्में 'मोट शिवा केटा शिवा' और 'शिवालिंगा' फ्लॉप हुई थीं। वह इस फिल्म के साथ वापसी करना चाहेंगे।

## स्टाइल के मामले में सभी स्टार डॉटर्स को मात दे सकती हैं अनमोल और अदा मलिक!



90 एस के पापुलर सिंगर अनु मलिक इंडस्ट्री में फिलहाल सक्रीय नहीं है, लेकिन वरुण धवन स्टारर फिल्म जुड़वां 2 में उनके दोनों गाने ऊंची है बिल्डिंग... और चलती है क्या 9 से 12... हर पार्टी-क्लब में छाए हुए है. 56 वर्षीय अनु मलिक ने अपनी आवाज की बदौलत देश-दुनिया में अपनी खास पहचान बनाई. अब उनकी दोनों बेटियों ने पिता के नाम को रोशन करने की जिम्मेदारी उठा ली है. 80 के दौर पर कई बेहतरीन गानें देने वाले अनु मलिक ने अंजु से शादी की. जोड़ी की दो बेटियां हैं अनमोल (27) और अदा (22). पिता की राह पर चलते हुए बड़ी बेटी अनमोल ने भी सिंगिंग को अपना करियर बनाया है. जबकि छोटी बेटी अदा की दिलचस्पी फैशन की दुनिया में है. हाल ही में अदा ने बहन अलमोल के साथ डांस करते हुए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें दोनों की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है. वीडियो से साफ है कि इनकी दिलचस्पी डांसिंग में भी है. करीना-करिश्मा, मलाइका-अमृता, सोनम-रिया, काजोल-तनिषा, शिल्पा-शमिता, प्रियंका-परिणीति, जाह्नवी-खुशी इन स्टार बेटियों से तो आप वाकिफ ही हैं, लेकिन अनु मलिक की दोनों बेटियां के बारे में कम ही लोग जानते हैं. दोनों ग्लैमरस लाइफ जीने में यकीन करती हैं, लेकिन लाइमलाइट से दूर रहना पंसद करती हैं. बेहद कम पार्टी इवेंट्स में दोनों मौजूद रहती हैं. 27 वर्षीय अनमोल मलिक ने अपने सिंगिंग करियर की शुरुआत महज 5 साल की उम्र में फिल्म बीवी नंबर 1 के जरिए की थी. प्यार की मां की (हाउसफुल 3), ओल्ड स्कूल गर्ल (तनु वेड्स मनु रिटर्न्स), गन्नु रॉक्स (सोनाली केबल) समेत कई गानों को अनमोल अपने बेहतरीन आवाज से सजा चुकी हैं. 22 वर्षीय अदा फैशन इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमा रही हैं. वे न्यूयॉर्क के पर्सन स्कूल ऑफ डिजाइन से फैशन डिजाइनिंग का कोर्स कर रही हैं. पिछले साल उन्होंने न्यूयॉर्क फैशन वीक में अपने डिजाइन्स शो-केस किए थे. बी-टाउन की पॉपुलर डॉटर्स में से एक अदा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं. लाइफ, वेकेशन और फैशन से जुड़ी चीजें वे अक्सर इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं.

## बिग बॉस बंदगी कालरा की बतौर कॉमनर एंट्री

बिग बॉस 11 के घर में इस बार पेशे से इंजिनियर बंदगी कालरा ने बतौर कॉमनर एंट्री ली है. बंदगी का बोल्ड और ब्यूटीफुल अंदाज पहले दिन से ही सुर्खियां बटोर रहा है. बंदगी ने जबसे बिग बॉस के घर में कदम रखा है अपनी खूबसूरती के कारण खूब सुर्खियां बटोर रही हैं. इंटरनेट पर उनकी तस्वीरें काफी वायरल हो रही है. बंदगी कालरा ने शो में घुसने से पहले सलमान खान को भी इंप्रेस कर लिया था. उन्होंने कहा था कि उनके चेहरे से किसी को पता नहीं चलेगा कि उनके दिल में क्या है। बंदगी कालरा की हाइट और फिटनेस किसी प्रोफेशनल मॉडल जैसी है. बिग बॉस में एक कंटेस्टेंट को बातचीत में उन्होंने बताया भी है कि उन्होंने प्रोफेशनल फोटोशूट करवाए हैं और बिग बॉस के घर से निकलकर वह मॉडलिंग की दुनिया में हाथ आजमाना चाहती हैं. मूल रूप से दिल्ली की रहने वाली बंदगी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी काफी हॉट पिक्स शेयर की हैं. बंदगी को हालांकि हिना खान और वीजे बेनफशा से ग्लैमर के लिहाज से कड़ी टक्कर मिल सकती है. उनकी खासियत है कि वह कॉमनर होने के बाद भी काफी कैमरा फ्रेंडली हैं और पहले दिन से ही घर में सभी सदस्यों के साथ घुलमिल रही हैं.

## राजकुमार राव ने शुरू की फन्ने खान की शूटिंग

अभिनेता राजकुमार राव ने फन्ने खां की शूटिंग शुरू की. इसमें अनिल कपूर और ऐश्वर्य राय बच्चन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. सेट पर शानदार ऊर्जा. इस कॉमेडी फिल्म का निर्देशन अतुल मांजरेकर कर रहे हैं. राकेश ओमप्रकाश मेहरा, क्रिअर्ज एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज द्वारा निर्मित फन्ने खां साल 2000 की ऑस्कर नामित डच फिल्म एवरीबडी इज फेमस का आधिकारिक रीमेक है.

## रजनीकांत संग काम करना सौभाग्य की बातः हुमा कुरैशी



अभिनेता रजनीकांत के साथ आगामी तमिल फिल्म काला में नजर आने जा रहीं अभिनेत्री हुमा कुरैशी अनुभवी अभिनेता के साथ काम का अवसर पाने से खुद को भाग्यशाली और धन्य महसूस कर रही हैं। हुमा ने शुक्रवार को लारा दत्ता के साथ मिस दीवा 2017 की शूटिंग के दौरान कहा, मैं उनके साथ काम कर खुद को भाग्यशाली और धन्य महसूस कर रही हूं। फिल्म अगले साल रिलीज होगी और यह हमारा अंतिम शेड्यूल है, इसलिए हम सभी अपना सवश्रेष्ठ काम करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, काला एक खूबसूरत पटकथा है। जब मैंने यह पढ़ी तो मैं फिल्म का हिस्सा बनने के लिए तुरंत तैयार हो गई और रजनीकांत सर के साथ काम करना सपना पूरा होने जैसा था। काम और व्यस्त शेड्यूल के बारे में पूछे जाने पर अभिनेत्री ने कहा कि वह फिल्म के लिए 24 घंटे में 48 घंटे का काम करने जा रही हैं। रंजीत द्वारा निर्देशित फिल्म रजनीकांत के दामाद और अभिनेता धनुष के प्रोडक्शन बैनर वुंडरबार फिल्म्स के तहत बनी है। काला अगले साल 14 अप्रैल को रिलीज होगी।

## पापा संग काम करके काफी कुछ सीखाः श्रुति हसन



अपने पिता और अभिनेता कमल हासन के साथ पहली बार फिल्म शबाश कुंडु में काम कर चुकीं अभिनेत्री श्रुति हासन का कहना है कि पिता के साथ काम करने का अनुभव मजेदार था और इससे उन्हें काफी कुछ सीखने का मौका मिला। श्रुति फेमिना स्टाइलिस्टा वेस्ट प्रतियोगिता की निर्णायक थीं। उन्होंने शुक्रवार को कहा, शबाश कुंडु में पापा (कमल हसन) के साथ काम करना मजेदार था क्योंकि मुझे उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला और यह यादगार अनुभव रहा। उन्होंने कहा, जहां तक यारा का सवाल है, हम इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। यह अब भी पोस्ट-प्रॉडक्शन स्तर पर है। फिल्म की शूटिंग शानदार रहीं। मुझे आशा है कि लोग जल्द ही इसे देख पाएंगे। श्रुति की इस साल पहले फिल्म बहन होगी तेरी रिलीज हुई थी। बहन होगी तेरी फिल्म के लिए उनके बढ़े वजन को लेकर उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल भी किया गया, लेकिन श्रुति को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। उनका मानना है कि सोशल मीडिया लोगों से जुड़ने का एक अच्छा माध्यम है। फेमिना स्टालिस्टा वेस्ट की निर्णायक बनने को लेकर श्रुति ने कहा कि उन्हें जज शब्द पसंद नहीं है। फिल्म शबाश कुंडु में वीर दास, अनंत महादेवन, गुल पनाग और राम्या कृष्णन जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## नए स्किनकेयर ब्रांड का चेहरा बनीं पूजा हेगड़े



ऋतिक रोशन अभिनीत 'मोहेंजो दाड़ो' के साथ बॉलीवुड में करियर की शुरुआत कर चुकीं अभिनेत्री पूजा हेगड़े को हिंदुस्तान यूनिलीवर की नई स्किनकेयर ब्रांड सिट्रा के ब्रांड एंबेसडर के रूप में चुना गया है। पिछले तीन दशकों में, सिट्रा ने कोरियाई पिंक पर्ल और द जापानी ग्रीन टी जैसी सामग्री का उपयोग कर बड़ी सावधानी से उत्पाद निर्माण किया है। पूजा ने कहा, ''भारत में सिट्रा से जुड़ना मेरे लिए बेहद सुखद है, क्योंकि मैं स्किनकेयर को लेकर हमेशा प्राकृतिक तत्वों की क्षमता में विश्वास करता हूं।'' स्किनकेयर एंड कलर्स-हिंदुस्तान यूनिलीवर की उपाध्यक्ष प्रभा नरसिम्हन ने कहा कि वह भारतीय उपभोक्ताओं को सिट्रा पेश करने के लिए उत्साहित हैं।

## काजोल-श्रीदेवी-आलिया के साथ शाहरुख ने किया शूट







एक्टर शाहरुख खान ने अपनी आने वाली फिल्म के लिए श्रीदेवी, करिश्मा कपूर, काजोल, रानी मुखर्जी और आलिया भट्ट के साथ शूट किया। इससे पहले वह 2007 में आई अपनी फिल्म ओम शांति ओम में एक गाने के लिए कई स्टार्स को एक साथ लेकर आए थे। इसमें सलमान खान, संजय दत्त, सैफ अली खान, रेखा, शिल्पा शेट्टी, विद्या बालन और धर्मेंद्र जैसे एक्टर्स शामिल थे। अब एक बार फिर से शाहरुख ने आनंद एल राय की फिल्म के लिए वही चीज दोहराई है। इस फिल्म में शाहरुख बौने का किरदार निभा रहे हैं। रविवार को उन्होंने काजोल, रानी मुखर्जी, करिश्मा कपूर, श्रीदेवी और आलिया भट्ट के साथ शूट किया। इसमें बाद ट्विटर पर उन्होंने एक फोटो शेयर करते हुए सभी ऐक्ट्रेसेज को धन्यवाद दिया। सूत्र के मुताबिक, इन सभी ऐक्ट्रेसेज का फिल्म में स्पेशल अपियरेंस होगा। काजोल और रानी ने दिन में शूट पूरा किया। वहीं इसके बाद आलिया, श्रीदेवी और करिश्मा ने शॉट दिया। इनमें से ज्यादातर ने मनीष मल्होत्रा के आउटफिट को पहन रखा था। चर्चा है कि शाहरुख जल्द ही माधुरी दीक्षित के साथ भी शूट करेंगे। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के एक प्रवक्ता ने खबर की पुष्टि करते हुए बताया, शाहरुख ने आनंद एल राय की आने वाली फिल्म के लिए ऐक्ट्रेसेज के साथ शूट किया है। उनके साथ काम करना और दोबारा स्क्रीन शेयर करना शाहरुख के लिए काफी अच्छा अनुभव था।

## 'दिल बफरिंग' में नजर आएंगी आंचल मुंजाल

अभिनेत्री आंचल मुंजाल को आगामी टेलीविजन श्रृंखला 'दिल बफरिंग' में मुख्य किरदार के लिए चुना गया है। अभिनेत्री का कहना है कि उनके लिए फिल्मों के बाद टेलीविजन शो में काम करना एक मजेदार बदलाव है। 19 वर्षीय अदाकारा इस श्रृंखला में एबी नामक लड़की की भूमिका निभा रही हैं जो शुक्रवार को लॉन्च हो रहा है। यह शो यूट्यूब और फेसबुक पर एक साथ लाइव प्रसारित होगा। आंचल ने एक बयान में कहा, ''तीन साल तक टीवी से ब्रेक लेने के बाद, जहां मैंने हमेशा एक बाल कलाकार के रूप में काम किया, यहां वापस आना ताजगी भरा है। मैं दक्षिण भारतीय फिल्मों पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं। लेकिन, मैं मानती हूं कि छोटे पर्दे पर काम करना भी मजेदार है।'' उन्होंने कहा, ''एबी का चरित्र मेरे वास्तविक चरित्र से बिलकुल अलग है और यह इस किरदार का सबसे अच्छी बात है। हम दोनों में एक ही चीज सामान्य है और वह है कि हम दोनों ही मजेदार और मुंहफट हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक एबी को उतना ही पसंद करेंगे जितना मैं इसे पसंद करती हूं।''

## अब एड में नजर आएंगे वरुण-आलिया

वरुण धवन और आलिया भट्ट ने करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से अपने करियर की शुरुआत की थी और तब से अभी तक यह जोड़ी तीन फिल्मों में साथ नजर आ चुकी है. इस जोड़ी की इन तीनों ही फिल्मों ने काफी अच्छा कलेक्शन किया है, हाल ही में इन दोनों ने एक ऐड शूट किया है, जिसे धर्मा मूवीज ने शेयर किया है.

## तुर्की में रिलीज होगी आमिर की सीक्रेट सुपरस्टार, प्रमोशन के लिए इस्तांबुल पहुंचे

आखिरी बार सुपरहिट फिल्म दंगल में नजर आए आमिर खान की अगली फिल्म सीक्रेट सुपरस्टार दीवाली के मौके पर 19 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है. जिस दिन यह फिल्म भारत में रिलीज होगी, उसी दिन तुर्की के दर्शक भी आमिर खान की इस फिल्म का लुत्फ उठा पाएंगे. मंगलवार देर रात आमिर खान ने इस्तांबुल के लिए उड़ान भरी, जहां फिल्म के प्रमोशन के दौरान वह औपचारिक तौर पर इसकी घोषणा करेंगे. आमिर ने बुधवार को ट्वीट किया, इस्तांबुल के लिए विमान में! तुर्की यात्रा के लिए उत्सुक हूं. आमिर खान प्रोडक्शंस, जी स्टूडियोज और आकाश चावला के बैनर तले किरण राव और आमिर द्वारा निर्मित सीक्रेट सुपरस्टार के लेखक और निर्देशक अद्वैत चंदन हैं. जी स्टूडियोज इंटरनेशनल (फिल्म विपणन, वितरण और अधिग्रहण) प्रमुख विभा चोपड़ा ने कहा, एक मजबूत और सार्वभौमिक रूप से आकर्षक कहानी और हमारे सबसे बड़े सुपरस्टार में से एक की उपस्थिति के साथ, हमें विश्वास है कि फिल्म को तुर्की और अन्य अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में वही प्यार मिलेगा, जो भारत में मिलेगा. तुर्की के अलावा यह फिल्म ब्रिटेन, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात/जीसीसी और पाकिस्तान में भी रिलीज होगी. यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जी स्टूडियोज इंटरनेशनल द्वारा वितरित की जाएगी.

## केदारनाथ सेट पर पहुंची एकता कपूर

छोटे परदे की बड़ी प्रड्यूसर एकता कपूर एक बार फिर से फिल्म निर्माण में सक्रीय हो गई हैं. एकता इन दिनों निर्देशक अभिषेक कपूर की फिल्म केदारनाथ प्रड्यूस कर रही हैं. क्या कूल हैं हम 3, अजहर, उड़ता पंजाब, ग्रेट ग्रैंड मस्ती, अ फ्लाइंग जट और हाफ गर्लफ्रेंड जैसी फिल्मों की लगातार असफलता के कारण... एकता अब फिल्म के निर्माण में बहुत सावधानी से काम कर रही हैं. खबरों की मानें तो एकता इन दिनों अपनी किसी भी फिल्म या सीरियल के सेट पर बिना पूर्व सूचना के पहुंच जाती हैं, जिससे वह देख सकें कि सेट पर सही तरह से काम हो रहा है या नहीं. हाल ही में एकता कपूर अपनी आगामी फिल्म केदारनाथ के सेट पर पहुंचीं. सेट के माहौल का जायजा लिया और फिल्म की पूरी टीम से मेल-मुलाकात के बाद एकता ने पवित्र केदारनाथ मंदिर के भी दर्शन किए. एकता ने सेट पर फिल्म के निर्देशक अभिषेक कपूर, अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत और सैफ अली खान की बेटी सारा अली खान जो उनकी फिल्म से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत कर रही हैं उनसे मुलाकात की. अभिषेक कपूर के निर्देशन में तैयार हो रही केदारनाथ की शूटिंग उत्तराखंड के ऐसी जगहों में हुई है, जहां आज तक किसी भी अन्य फिल्म की शूटिंग नहीं हुई. एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स और क्रिअर्ज एंटरटेनमेंट मिलकर केदारनाथ का निर्माण कर रहे हैं. केदारनाथ उत्तर भारत की एक बहुत खूबसूरत प्रेम कहानी है. फिल्म की शूटिंग सितंबर के महिने में शुरू हो गयी थी, खबर है कि फिल्म आधे से ज्यादा शूट हो चुकी है.